भारत सरकार
Government of India
कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय
Minstry of Personnel,Public Grievances & Pension
कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग
Department of Personnel & Training
केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति/
Central Government Employees Welfare Co-ordination Committee/
महासर्वेक्षक का कार्यालय, हाथीबडकला एस्टेट, पो.बॉ. संख्या 37, देहरादून–248001
Surveyor General's Office, Hathibarkala Estate, P.B.No.37, Dehra Dun-248001
(Email : cgewcc.ddn.soi@gov.in)

सं0 सी.जी.–.247/1999–स्पोर्टस् | दिनांकः 11 जनवरी, 2024

सेवा में,

केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति,
देहरादून के सभी सदस्य कार्यालयों को ।

विषय :– केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति की वर्ष 2023–24 की टूर्नामैंट प्रतियोगिता कराने के संबंध में !

आपको सूचित किया जाता है कि समन्वय समिति की वार्षिक बैठक में सी.जी.ई.डब्ल्यू.सी.सी. की खेल–प्रतियोगिताओं का आवंटन समन्वय समिति के सदस्य कार्यालयों के परस्पर सहयोग से किया जाता है । लेकिन समन्वय समिति के अध्यक्ष एवं सचिव के पदहस्तांतरण होने पर नये अध्यक्ष एवं सचिव के पदभार ग्रहण करने पर अन्य कार्यों में व्यस्तता के कारण बैठक की तिथि का निर्धारण अतिशीघ्र करना संभव नहीं है ।

2. समन्वय समिति के सदस्यों कार्यालयों को यह भी अवगत किया जाता है कि केन्द्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं कीडा बोर्ड, नई दिल्ली के द्वारा अखिल भारतीय सिविल सेवा टूर्नामैंट 2023–24 के स्पोर्टस् कार्यक्रमों के अंतर्गत देहरादून रीजनल स्पोर्टस् बोर्ड से भी टीमों को आमंत्रित किया गया है ।

3. अतः समन्वय समिति के सभी सदस्य कार्यालयों से अनुरोध है कि वे केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति की ओर से वर्ष 2023–24 के शेष निम्नलिखित टूर्नामैंट में से कोई एक अथवा सभी प्रतियोगिताओं का संचालन के दायित्व अपनी सुविधानुसार निर्वाहन करने में अपनी सहमति देने की कृपा करें ताकि उपयुक्त खिलाडियों का चयनकर रीजनल स्पोर्टस् बोर्ड की ओर से टीम भेजी जा सके ।

1– बैडमिंटन
2– शतरंज
3– कैरम

(अर्जुन सिंह)
अधीक्षण सर्वेक्षक एवं,
सचिव,
केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति एवं
रीजनल स्पोर्टस बोर्ड, देहरादून